सं0सं0:—वि0वि0मि0 / अधि0(02) —05 / 2023

# बिहार विकास मिशन

(मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के शासकीय अधीन)
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम कैम्पस,
हॉस्पिटल रोड, राजवंशी नगर, पटना—800023
दूरभाष संख्या:—0612—2285262

**Internal Audit of Bihar Vikas Mission (Including BVM Headquarter and all 38 DRCCs) for FY 2022-23** (Ref. No.- BVM/2023-24/Internal Audit/04, Date-02.08.2023) **एवं Statutory Audit, Tax Audit and ITR Filing of Bihar Vikas Mission (Including BVM Headquarter and all 38 DRCCs) for FY 2022-23** (Ref. No.-BVM/2023-24/Statutory Audit/05, Date-02.08.2023) **के लिए विभिन्न CA Firms से प्राप्त कोटेशन को खोलने एवं मूल्यांकन हेतु दिनांक—25.08.2023 एवं दिनांक—20.09.2023 को मुख्य महाप्रबंधक, बिहार विकास मिशन की अध्यक्षता में आयोजित निविदा मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही:—**

---

**उपस्थिति:—**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री तुषार सिंगला, भा0प्र0से0, मुख्य महाप्रबंधक, बिहार विकास मिशन | अध्यक्ष |
| 2 | श्री राजीव रंजन सिन्हा, महाप्रबंधक—HR (Recruitment), Procurement & Legal | सदस्य |
| 3 | श्री राजीव रंजन सिन्हा, महाप्रबंधक—HR (Management) & IT | सदस्य |
| 4 | श्री शशि शेखर सिंह, महाप्रबंधक, वित्त एवं लेखा | सदस्य |
| 5 | श्री धनन्जय मिश्र, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार | सदस्य |
| 6 | श्री आनन्द प्रकाश, प्रशाखा पदाधिकारी—HR (Recruitment), Procurement & Legal | सदस्य |
| 7 | श्री अनंत विभोर, Management Associate, बिहार विकास मिशन | सदस्य |
| 8 | श्री धरम कुमार, Finance Manager, बिहार विकास मिशन | सदस्य |
| 9 | श्री अजय कुमार सिंह, Internal Audit Manager, बिहार विकास मिशन | सदस्य |
| 10 | श्री कुमार शिवम, IT Helpdesk Officer, बिहार विकास मिशन | सदस्य |
| 11 | श्री सतीश कुमार, IT Manager, बिहार विकास मिशन | सदस्य |

---

Internal Audit of Bihar Vikas Mission (including BVM Headquarter and all 38 DRCCs) एवं Statutory Audit, Tax Audit and ITR Filing of Bihar Vikas Mission (including BVM Headquarter and all 38 DRCCs) for FY 2022-23 हेतु बिहार विकास मिशन के पत्रांक 383, दिनांक 02.08.2023 द्वारा CAG website पर वित्तीय वर्ष 2022—23 के लिए पटना स्थित Empanelled कुल 155 (एक सौ पचपन) C A Firms से कोटेशन समर्पित करने हेतु ई—मेल

के माध्यम से अनुरोध किया गया। साथ ही बिहार विकास मिशन के Website पर **Notice Inviting Quotation** Upload किया गया। कोटेशन प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक–23.08.2023 को अपराह्न 05:00 बजे तक निर्धारित था। निर्धारित तिथि एवं समय तक Internal Audit के लिए कुल 08 (आठ) एवं Statutory Audit, Tax Audit and ITR Filing के लिए 09 (नौ) कोटेशन प्राप्त हुआ।

बिहार विकास मिशन के कार्यालय आदेश संख्या–363, दिनांक–26.03.2021 द्वारा निविदा मूल्यांकन समिति का गठन किया गया है। इस समिति के सदस्यों एवं सभी संबंधित निविदादाता CA firms को बिहार विकास मिशन के पत्रांक–405, दिनांक–24.08.2023 द्वारा दिनांक–25.08.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से आयोजित बैठक में प्राप्त कोटेशन को खोलने एवं मूल्यांकन करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया। तदालोक में निविदा मूल्यांकन समिति की बैठक में कोटेशन को समिति के सदस्यों एवं CA firms के प्रतिनिधियों के समक्ष खोला गया तथा मूल्यांकन किया गया। सर्वप्रथम Internal Audit के लिए प्राप्त कोटेशन को मूल्यांकन हेतु खोला गया। मूल्यांकन के क्रम में पाया गया कि CA firm Anjan and Associate एवं KARMV & Company द्वारा समर्पित कोटेशन एक ही सीलबंद लिफाफा में Internal Audit एवं Statutory Audit के लिए दिया गया है। Evaluation of Eligibility Criteria में सभी निविदादाता Eligible पाये गये। मूल्यांकन के पश्चात् Internal Audit of Bihar Vikas Mission (including BVM Headquarter and all 38 DRCCs) for FY 2022-23 के लिए विभिन्न CA firms से प्राप्त 08 (आठ) कोटेशन में अंकित राशि का तुलनात्मक विवरणी निम्नवत है:–

**Comparative Chart of the Financial Quotations received for Internal Audit for Bihar Vikas Mission (including BVM HQ and all 38 DRCCs) for FY 2022-23**

| Sl. No. | Name & Address of CA Firm | Fee for conducting Internal Audit of Bihar Vikas Mission (Including BVM Headquarter and all 38 DRCCs) for FY 2022-23 | Remarks |
|---|---|---|---|
| 1 | KARMV & Company, Kidwaipuri, Patna | Rs. 1,48,999 + GST | |
| 2 | P Jyoti & Co., Exhibition Road, Patna | Rs. 40,000 + GST | |
| 3 | R N Mishra & Co., Boring Road, Patna | Rs. 48,000 + GST | |
| 4 | P Puneet & Co., Budh Marg, Patna | Rs. 38,000 + GST | |
| 5 | Kumar Kishor and Chandra Kidwaipuri, Patna | Rs. 90,000 + GST | |
| 6 | M. P and Associates, Boring Road, Patna | Rs. 28,492 + GST | |
| 7 | Kanhaiya Kumar & Co. Exhibition Road, Patna | Rs. 45,000 + GST | |
| 8 | Anjan & Associates, Shree Krishna Nagar, Patna | Rs. 3,000 + GST | L1 (Minimum Rate) |

उपर्युक्त तुलनात्मक विवरणी के अवलोकन से स्पष्ट है कि Anjan and Associates, Shree Krishna Nagar, Patna द्वारा न्यूनतम राशि Rs. 3,000 + GST अंकित किया गया है।

213

अतः निविदा मूल्यांकन समिति द्वारा Internal Audit के लिए Anjan and Associates, Shree Krishna Nagar, Patna को L1 पाया गया।

आतंरिक अंकेक्षण हेतु प्राप्त कोटेशन को खोलने एवं मूल्यांकन के पश्चात् निविदा मूल्यांकन समिति द्वारा Statutory Audit, Tax Audit and ITR Filing of Bihar Vikas Mission (including BVM HQ and all 38 DRCCs) for FY 2022-23 के लिए CA firms से प्राप्त 09 (नौ) कोटेशन को खोलने एवं मूल्यांकन की कार्रवाई की गयी। मूल्यांकन के क्रम में Evaluation of Eligibility Criteria में सभी निविदादाता Eligible पाये गये। 09 (नौ) CA firms से प्राप्त कोटेशन के मूल्यांकन के पश्चात् CA firms द्वारा अंकित राशि की तुलनात्मक विवरणी निम्नवत है:-

**Comparative Chart of the Financial Quotations received for Statutory Audit, Tax Audit and ITR Filing of Bihar Vikas Mission (Including BVM HQ and all 38 DRCCs) for FY 2022-23**

| Sl. No. | Name & Address of CA Firm | Fee for conducting Statutory Audit, Tax Audit and ITR Filing of Bihar Vikas Mission (Including BVM Headquarter and all 38 DRCCs) for FY 2022-23 | Remarks |
|---|---|---|---|
| 1 | KARMV & Company, Kidwaipuri, Patna | Rs. 48,999 + GST | |
| 2 | Kumar Kishor and Chandra Kidwaipuri, Patna | Rs. 90,000 + GST | |
| 3 | Kanhaiya Kumar & Co. Exhibition Road, Patna | Rs. 54,000 + GST | |
| 4 | N D S K A & Associates, Fraser Road, Patna | Rs. 31,401 + GST | |
| 5 | P Jyoti & Co., Exhibition Road, Patna | Rs. 45,000 + GST | |
| 6 | R N Mishra & Co., Boring Road, Patna | Rs. 39,400 + GST | |
| 7 | V M R & Company, Boring Canal Road, Patna | Rs. 28,495 + GST | L1 (Minimum Rate) |
| 8 | Vijaya Singh & Associates, Kankarbagh, Patna | Rs. 37,500 + GST | |
| 9 | Anjan & Associates, Shree Krishna Nagar, Patna | -- | L1 in Internal Audit |

बिहार विकास मिशन द्वारा आमंत्रित Notice Inviting Quotation Ref No.-BVM/2023-24/Statutory Audit/05, Date-02.08.2023 के कंडिका 08 के उप कंडिका c में निम्न तथ्य अंकित है:-

"Quotation received from CA firm which has already been awarded work for Internal Audit of Bihar Vikas Mission for FY 2022-23 shall not be considered for evaluation for award of work for Statutory Audit, Tax Audit and ITR Filing of Bihar Vikas Mission (including BVM headquarter and all 38 DRCCs) for FY 2022-23"

उपर्युक्त के आलोक में निविदा मूल्यांकन समिति द्वारा CA firms Anjan and Associates, Shree Krishna Nagar, Patna का Internal Audit के लिए L1 न्यूनतम दर पाये जाने के कारण Statutory Audit, Tax Audit and ITR Filing हेतु प्राप्त कोटेशन को मूल्यांकन नहीं करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

Anjan and Associates को छोड़कर शेष 08 (आठ) CA firms से प्राप्त कोटेशन का उपरोक्त तुलनात्मक विवरणी के अवलोकन से स्पष्ट है कि VMR and Company, Boring Canal Road, Patna का दर न्यूनतम राशि Rs. 28,495 + GST पाया गया। **निविदा मूल्यांकन समिति द्वारा Statutory Audit, Tax Audit and ITR Filing के लिए VMR and Company, Boring Canal Road, Patna को L1 पाया गया।**

CA Firm के चयन की प्रक्रिया के क्रम में सचिव, निविदा निगरानी निदेशालय, भारतीय संनद लेखाकार संस्थान (Secretary, Tender Monitoring Directorate, ICAI) का पत्र संख्या–ICAI/TMD/Rep/2023-24/114, दिनांक 01.09.2023 कार्यालय को ई–मेल के माध्यम से प्राप्त हुआ है। प्रासंगिक पत्र में उल्लेख किया गया है कि "minimum fee must be prescribed in the tender document itself." एवं "You are, therefore, requested to kindly revise your Notice and issue a fresh communication where minimum fee is prescribed in the tender document itself and where Statutory Audit and Internal Audit in Different Tender."

ICAI द्वारा प्रेषित ई–मेल पत्र संख्या–ICAI/TMD/Rep/2023-24/114, दिनांक 01.09.2023 के आलोक में दिनांक–13.09.2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से महाप्रबंधक–HR (Recruitment), Procurement & Legal, बिहार विकास मिशन, पटना की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गयी जिसमें ICAI के पत्र में वर्णित तथ्यों के आलोक में L1 पाये गये दोनों एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ दिनांक 13.09.2023 को वार्ता कर उनसे मंतव्य की माँग की गयी। दोनों एजेंसियों द्वारा दिनांक 13.09.2023 को ई–मेल के माध्यम से अपना प्रतिवेदन समर्पित किया गया है जो निम्नवत है:–

1. **VMR and Company:-** "This is to bring to your kind attention that as practicing Chartered Accountants, we are bound by the ICAI Act and its guidelines. In this concerned matter, we cannot accept any work order of audit in which ICAI has raised concern with respect to quotation of minimum audit fees in tender. Hence, we hereby declare that currently we are not in position to accept your work order as an auditor. Furthermore, any tender in non-compliance of the Policies of the Tender Committee is not to be accepted by us."
2. **Anjan and Associates:-** "In response to the ICAI notification dated 7th April, 2016 the organisation should fix a minimum fee for issuing tender. Since your organisation has not followed the guidelines issued by The ICAI, New Delhi, Dated 7th April, 2016, we are withdrawing our quotation offered."

उपर्युक्त दोनों एजेंसियों के प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि इनके द्वारा वर्तमान निविदा शर्तों पर अंकेक्षण कार्य करने से अस्वीकार कर दिया गया।

(211)

दिनांक 13.09.2023 की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि L1 पाये गये दोनों एजेंसियों द्वारा वर्तमान निविदा शर्तों पर अंकेक्षण कार्य करने से अस्वीकार कर देने के कारण वर्तमान निविदा के आधार पर Internal Audit एवं Statutory Audit, Tax Audit and ITR Filing कार्य हेतु CA Firm का चयन संभव नहीं है। अतः दोनों निविदा/कोटेशन को रद्द करने हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जा सकती है।

ज्ञातव्य हो कि वित्तीय वर्ष 2022–23 का Internal Audit कराते हुए Statutory Audit, Tax Audit and ITR Filing करने की अंतिम तिथि 30.09.2023 निर्धारित है। निविदा/कोटेशन को रद्द करने एवं नये सिरे से निविदा/कोटेशन आमंत्रित कर CA Firm के चयन कर Internal Audit एवं Statutory Audit, Tax Audit and ITR Filing का कार्य कराने में उक्त निर्धारित समय सीमा समाप्त हो जायेगी।

दिनांक 13.09.2023 की बैठक में कार्यहित एवं समयाभाव को ध्यान में रखते हुए पिछले वित्तीय वर्ष 2021–22 में Bihar Vikas Mission (including BVM Headquarter and all 38 DRCCs) का Internal Audit एवं Statutory Audit, Tax Audit and ITR Filing का कार्य करने वाले CA Firm क्रमशः K Hari Ji & Co. एवं Chanakya Ashok & Co. से सहमति प्राप्त करते हुए प्राप्त सहमति के आधार पर कार्यादेश निर्गत करने की भी अनुशंसा की गयी।

वित्तीय वर्ष 2021-22 में Bihar Vikas Mission (including BVM Headquarter and all 38 DRCCs) का Internal Audit एवं Statutory Audit, Tax Audit and ITR Filing का कार्य करने वाले CA Firm क्रमशः K Hari Ji & Co. एवं Chanakya Ashok & Co. का चयन विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निविदा/कोटेशन के माध्यम से किया गया था। उक्त निविदा/कोटेशन में ICAI के Guidelines के अनुरूप अंकेक्षण कार्य हेतु Minimum Fee का भी उल्लेख किया गया था। दोनों ही CA Firms के द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 का अंकेक्षण कार्य संतोषप्रद पूर्ण किया गया है।

उक्त अनुशंसा के आलोक में K Hari Ji & Co. एवं Chanakya Ashok & Co. को दिनांक 14.09.2023 को ई–मेल द्वारा सहमति प्रदान करने का अनुरोध पत्र प्रेषित किया गया। इसके प्रतिउत्तर में K Hari Ji & Co. द्वारा दिनांक 16.09.2023 को एवं Chanakya Ashok & Co. द्वारा दिनांक 19.09.2023 को ई–मेल से सहमति प्रदान की गयी।

पिछले वित्तीय वर्ष 2021–22 में बिहार विकास मिशन का अंकेक्षण कार्य करने वाले CA Firms क्रमशः K Hari Ji & Co. एवं Chanakya Ashok & Co. से प्राप्त सहमति के आलोक में दिनांक 20.09.2023 को निविदा मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की गयी।

दिनांक 20.09.2023 को आयोजित निविदा मूल्यांकन समिति की बैठक में सर्वसम्मति से, दिनांक–13.09.2023 को महाप्रबंधक–HR (Recruitment), Procurement & Legal, बिहार विकास मिशन, पटना की अध्यक्षता में आयोजित बैठक की कार्यवाही को अनुमोदित करते हुए वर्तमान निविदाओं/कोटेशनों को रद्द करने की अनुशंसा करने का निर्णय लिया गया।

निविदा मूल्यांकन समिति द्वारा कार्यहित एवं समयाभाव को ध्यान में रखते हुए एवं अन्य किसी विकल्प नहीं होने के कारण विशेष परिस्थिति में सर्वसम्मति से K Hari Ji & Co. को Internal Audit of Bihar Vikas Mission (Including BVM Headquarter and all 38 DRCCs) for FY 2022-23 एवं Chanakya Ashok & Co. को Statutory Audit, Tax Audit and ITR filling of Bihar Vikas Mission (Including BVM Headquarter and all 38 DRCCs) for FY 2022-

(२१०)

23 हेतु अंकेक्षण का कार्य पूर्व निर्धारित दर एवं शर्त पर कराने हेतु कार्यादेश निर्गत करने की अनुशंसा की गयी। साथ ही भविष्य में अंकेक्षण कार्य हेतु निविदा/कोटेशन प्रकाशित कर CA Firms का चयन करने की अनुशंसा की गयी।

अन्त में सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Satish Kr 20/9/2023 | Kumar Shivam 20/09/2023 | 20/09/23 | 20/9/23 | 20/9/23 | 20/09/2023 |
| (Satish Kumar)<br>IT Manager<br>Member | (Kumar Shivam)<br>IT Helpdesk Officer<br>Member | (Ajay Kumar Singh)<br>Internal Audit Manager<br>Member | (Dharam Kumar)<br>Finance Manager<br>Member | (Anant Bibhore)<br>Management Associate<br>Member | (Anand Prakash)<br>Section Officer-HR (Recruitment)<br>Procurement & Legal<br>Member |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 20/9/23 | 20/09/23 | 20/9 | 20/9 | 20/09/23 |
| (Dhananjay Mishra)<br>Internal Financial Advisor<br>Member | (Shashi Shekhar Singh)<br>General Manager Finance & Account<br>Member | (Rajeev Ranjan Sinha)<br>General Manager-HR (Management) & IT<br>Member | (Rajeev Ranjan Sinha)<br>General Manager-HR (Recruitment)<br>Procurement & Legal<br>Member | (Tushar Singla)<br>Chief General Manager<br>Chairman |

ज्ञापांकः–वि0वि0मि0/अधि0(02)–05/2023...422...पटना, दिनांक...20.09.2023

प्रतिलिपि :– निविदा मूल्यांकन समिति, बिहार विकास मिशन, पटना के सभी सदस्यों को सूचनार्थ।

प्रतिलिपिः– IT Manager, सदस्य सचिव कार्यालय, बिहार विकास मिशन, पटना को बिहार विकास मिशन के Website पर Upload करने हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सदस्य सचिव, बिहार विकास मिशन, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

20/09/23

(तुषार सिंगला)
मुख्य महाप्रबंधक
बिहार विकास मिशन